भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या 1587
गुरुवार, 15 दिसंबर, 2022 / 24 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

<u>अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे</u>

1587. श्रीमती शारदा अनिल पटेल:
श्री मितेष पटेल (बकाभाई):
श्री जगन्नाथ सरकार:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 2014 से पहले देश में उपलब्ध अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों का ब्यौरा क्या है और संख्या कितनी है तथा पिछले सात वर्षों के दौरान निर्मित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों की संख्या कितनी है;

(ख) इन हवाई अ्डों से शुरू की गई अंतराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय हवाई सेवाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))</u>

(क): 2014 से पहले देश में 24 अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे थे। पिछले सात वर्षों के दौरान, 6 और हवाईअड्डे निर्मित किए गए हैं/ अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों के रूप में घोषित किए गए हैं।

पिछले सात वर्षों के दौरान, चार ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डों, नामतः केरल में कन्नूर, महाराष्ट्र में शिरडी, उत्तर प्रदेश में कुशीनगर तथा गोवा में मोपा का निर्माण अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के रूप में किया गया है। साथ ही, दो मौजूदा हवाईअड्डों नामतः, आंध्र प्रदेश में अवस्थित विजयवाड़ा तथा तिरुपति, को वर्ष 2017 में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा घोषित किया गया था।

(ख): मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के समाप्त किए जाने के पश्चात, भारतीय घरेलू विमानन बाजार पर नियंत्रण समाप्त कर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप, एयरलाइनें, इस संबंध में मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुपालन के अध्यधीन, किसी भी तरह के विमान के साथ क्षमता बढ़ाने के लिए तथा सेवाएँ प्रदान करने के लिए किसी भी बाजार एवं नेटवर्क का चयन करके देशभर में प्रचालन शुरू कर सकती हैं। अतः, मौजूदा दिशानिदेशों का अनुपालन करते हुए, यातायात की मांग एवं वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर विशिष्ट स्थानों पर हवाई सेवाएँ प्रदान करना, एयरलाइनों का सरोकार है।

इसके अतिरिक्त, जहां तक इन हवाईअड्डों से अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएँ प्रचालित करने का मामला है, भारतीय वाहक, तत्संबंधी द्विपक्षीय हवाई सेवाएँ व्यवस्थाओं के अनुसार, भारत के किसी भी पाइंट से विदेशी गंतव्यों तक प्रचालन कर सकते हैं, जबकि विदेशी एयरलाइन केवल द्विपक्षीय समझौतों के तहत उपलब्ध नामित पॉइंट्स ऑफ कॉल से ही प्रचालन कर सकते हैं।

****